जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10321 / 2026 दिनांकः 11 अगस्त, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01.निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–'वृक्षारोपण महायज्ञ–2026' के अन्तर्गत कराये गये वृक्षारोपणों की रोपित पौधों के सापेक्ष शत–प्रतिशत जियो टैगिंग के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया के पत्र संख्याः 451 / वृक्षा0 2026–27(जियो टैगिंग) / बलिया, दिनांकः 06 अगस्त, 2026 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से दिनांकः 29 जुलाई, 2026 को आयोजित **जिला वृक्षारोपण समिति, बलिया** की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा **'वृक्षारोपण महायज्ञ–2026' के अन्तर्गत कराये गये वृक्षारोपणों की रोपित पौधों के सापेक्ष शत–प्रतिशत जियो टैगिंग अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे, परन्तु अभी तक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रोपित पौधों के सापेक्ष स्थलवार जियोटैगिंग शत– प्रतिशत नहीं है, जिस पर उच्च स्तर से काफी अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है।**

तत्क्रम में निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय अपने–अपने महाविद्यालय के रोपित पौधों के सापेक्ष शत– प्रतिशत स्थलवार जियोटैगिंग 'हरितिमा ऐप' पर दिनांकः 18 अगस्त, 2026 तक प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करने का कष्ट करें, अन्यथा की दशा में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल कार्यवाही की दशा में समस्त जिम्मेदारी यथासम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

उक्त आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नक–यथोक्त।

डॉ0 (मनोज कुमार)
नोडल अधिकारी, वृक्षारोपण,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. जिलाधिकारी, बलिया।
03. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
04. डी0एफ0ओ0, बलिया।
05. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
06. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
07. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

शीर्ष प्राथमिकता/ महत्वपूर्ण

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया।

(E-mail : dfoballia@gmail.com)

पत्रांक– 451 /वृक्षा0 2026–27 (जियो टैगिंग) दिनांक, बलिया, अगस्त, 06 2026।

सेवा में,

1– उपायुक्त (श्रम एवं रोजगार) मनरेगा, बलिया।
2– जिला पंचायत राज अधिकारी, बलिया।
3– उप निदेशक कृषि बलिया।
4– अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बलिया।
5– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलिया।
6– कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया।
7– जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया।
8– बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया
9– अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड रसड़ा, बलिया।
10– सहायक उपायुक्त, सहायक निबन्धक, सहकारिता विभाग, बलिया।

विषय :– **वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अन्तर्गत कराये गये वृक्षारोपणों की रोपित पौधों के सापेक्ष शत प्रतिशत स्थलवार जियो टैगिंग के सम्बन्ध में।**

संदर्भ :–
1– **मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-12/81-5-2026/1991816 दिनांक 27.01.2026।**
2– **दिनांक 29.07.2026 को आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति बलिया की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में।**

**महोदय,**

दिनांक 29.07.2026 को आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति बलिया की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अन्तर्गत कराये गये वृक्षारोपणों की रोपित पौधों के सापेक्ष शत प्रतिशत स्थलवार जियो टैगिंग अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु अभी तक आपके विभाग द्वारा रोपित पौधों के सापेक्ष स्थलवार जियो टैगिंग शत प्रतिशत नही है, जिस पर उच्च स्तर से काफी अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। अतएव आपसे अपेक्षा है कि वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अन्तर्गत कराये गये वृक्षारोपणों की रोपित पौधों के सापेक्ष शत प्रतिशत स्थलवार जियो टैगिंग अतिशीघ्र पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

**वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2026-(जियोटैग स्थल) as on 06-08-2026 13:16:32**

| क्र.सं. | विभाग का नाम | कुल वृक्षारोपण स्थलों की संख्या | कुल जियोटैग स्थल | % स्थल (वृक्षारोपण स्थलों के सापेक्ष) | कुल रोपित (पौध संख्या) | जियोटैग स्थल पर पौधों की संख्या | जियोटैग % (रोपित के सापेक्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगर विकास विभाग | 120 | 82 | 68.33 | 28700 | 12069 | 42.05 |
| 2 | ऊर्जा विभाग | 52 | 45 | 86.54 | 8200 | 3701 | 45.13 |
| 3 | उच्च शिक्षा | 135 | 74 | 54.81 | 19400 | 9920 | 51.13 |
| 4 | सहकारिता विभाग | 255 | 98 | 38.43 | 7140 | 3729 | 52.23 |
| 5 | पंचायतीराज विभाग | 954 | 844 | 88.47 | 226000 | 171845 | 76.04 |
| 6 | ग्राम्य विकास विभाग | 1701 | 1610 | 94.65 | 1933900 | 1546988 | 79.99 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | कृषि विभाग | 383 | 622 | 162.4 | 512000 | 447231 | 87.35 |
| 8 | बेसिक शिक्षा | 1953 | 1969 | 100.82 | 20000 | 17556 | 87.78 |
| 9 | लोक निर्माण विभाग | 24 | 24 | 100 | 11900 | 10864 | 91.29 |
| 10 | माध्यमिक शिक्षा | 156 | 137 | 87.82 | 15000 | 14063 | 93.75 |

(नीरज कुमार आर्य)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
बलिया

पृ०सं० /समदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— जिलाधिकारी महोदय बलिया।
2— मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।

(नीरज कुमार आर्य)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
बलिया